# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु०स० 1963 /2025 दिनांक : 19 जून, 2025

## कार्यालय-ज्ञाप

अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु 'एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा' कार्यक्रम राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक कराये जाने तथा कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, महाविद्यालयों से प्राप्त आख्या साफ्ट कापी में पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय उ०प्र०, लखनऊ द्वारा प्रदान किये गये हैं।

अतः विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 21 जून, 2025 को योग दिवस के अवसर पर योगासन प्रोटोकाल एवं सूर्य नमस्कार करने हेतु विश्वविद्यालय के दीक्षान्त मंडपम में प्रातः 06:00 बजे से समस्त अध्यापकों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

19/6/2025

( राकेश कुमार )
आई०ए०एस०
कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
4. प्रो० शैलेश कुमार मिश्र, नोडल अधिकारी, योग कार्यक्रम।
5. निदेशक अनुसंधान/प्रकाशन संस्थान।
6. पुस्तकालयाध्यक्ष।
7. परीक्षा नियंत्रक।
8. मुख्य प्रतिपालक/समस्त प्रतिपालक।
9. विनयाधिकार/समस्त सहायक विनयाधिकारी।
10. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि उक्त कार्यालय-ज्ञाप समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई०डी० के माध्यम से प्रेषित कराने के साथ-साथ विश्वविद्यालय वेब-साइट पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
11. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्लयों को इस आशय से कि शासन के उपरोक्त निर्देशानुसार अपने-अपने महाविद्यालय में कार्यवाही सुनिश्चित करायें तथा निर्देशानुसार कृत कार्यवही की आख्या/जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं वीडियो विश्वविद्यालय को दिनांक 23.06.2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
12. समस्त सहायक कुलसचिव/अधीक्षकगण।
13. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
14. सम्पत्ति कार्यालय को नोडल अधिकारी-योग कार्यक्रम के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही के साथ ऑउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत फ़ोटोग्राफर से उक्त कार्यक्रम की फोटोग्राफी (जियो टैगिंग सहित) कराना सुनिश्चित करायें।
15. समस्त विभागानुभाग।
16. सम्बद्ध पत्रावली।

( राकेश कुमार )
आई०ए०एस०
कुलसचिव